त्रिलोचन महापात्र, पीएच.डी.
एफ एन ए, एफ एन ए एस सी, एफ एन ए ए एस
सचिव एवं महानिदेशक
TRILOCHAN MOHAPATRA, Ph.D.
FNA, FNASc, FNAAS
SECRETARY & DIRECTOR GENERAL

भारत सरकार
कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग एवं
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली 110 001
GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH & EDUCATION
AND
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
KRISHI BHAVAN, NEW DELHI 110 001
Tel.: 23382629; 23386711 Fax: 91-11-23384773
E-mail: dg.icar@nic.in

**अपील**

भारत अनेकता में एकता का देश है, इसमें अनेक जातियां, संस्कृतियां, भाषाएं और बोलियां विद्यमान हैं। इस विविधता वाले देश में राजभाषा हिन्दी समस्त लोगों को एक सूत्र में बांधे हुए है। हिन्दी किसी राज्य विशेष की भाषा न होकर पूरे राष्ट्र की भाषा है। राजभाषा के प्रति सम्मान एवं सरकारी कार्य में हिन्दी का प्रयोग लगातार बढ़ाते रहने के संकल्प के तौर पर हम हर साल 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाते आ रहे हैं।

भारत सरकार की राजभाषा नीति का आधार सद्भावना, प्रेरणा व प्रोत्साहन है। हमें अपनी भाषा में कार्य करने पर संतोष होना चाहिए। अपनी भाषा से लगाव होना अपने देश के प्रति हमारे सम्मान को प्रदर्शित करता है। मुझे खुशी है कि परिषद एवं इसके संस्थानों में राजभाषा हिन्दी में कार्य पहले की अपेक्षा काफी बढ़ा है और हमने हिन्दी के प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय की विभिन्न पुरस्कार योजनाओं के अंतर्गत हमारे संस्थानों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं, अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं।

विज्ञान जैसे जटिल विषय को हम सरल भाषा में लिखने का प्रयास करें तो आम जनता तक अपनी बात आसानी से पहुंचा सकते हैं। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हम अनुसंधान प्रौद्योगिकियों और नई तकनीकों का हिन्दी माध्यम से प्रचार-प्रसार करके हिन्दी को विश्व भाषा का गौरव प्रदान कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके लिए मैं इस अवसर पर परिषद मुख्यालय सहित इसके समस्त संस्थानों में कार्यरत सभी कार्मिकों से आग्रह करता हूं कि वे अब से अपना समस्त सरकारी काम-काज हिन्दी में ही करने का संकल्प लें और एक ऐसा वातावरण बनाएं जिससे कि अन्य लोगों को भी हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा सके। मेरा आपसे यह भी अनुरोध है कि हिन्दी दिवस/ सप्ताह/ पखवाड़ा/ माह-2019 के आयोजन के अवसर पर **सरल हिन्दी के प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए**। सरल हिन्दी को प्रोत्साहित करने हेतु "हिन्दी दिवस" के उपलक्ष्य में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में सरल एवं सहज भाषा के प्रयोग के लिए विशेष प्रोत्साहन दिया जाए।

मैं परिषद व अधीनस्थ संस्थानों में इस अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं समारोहों की सफलता की कामना करता हूं।

त्रि. महापात्र
(त्रिलोचन महापात्र)

नई दिल्ली
दिनांक : 23 अगस्त, 2019